आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.04.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब तक बावन करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं।
- आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—अच्छा स्वास्थ्य हर संपन्न समाज की नींव है।
- मिशन शक्ति योजना के तहत, द्वीपसमूह में प्रशासन द्वारा वन स्टॉप सेंटर चलाया जा रहा है।
- दक्षिण अंडमान ज़िले की ज़िला योजना समिति की बैठक पन्द्रह से सत्रह अप्रैल तक आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब तक बावन करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिसकी कुल राशि लगभग बत्तीस लाख करोड़ रुपये है। वित्तीय समावेशन को सुगम और उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गैर—कॉर्पोरेट, गैर—कृषि लघु और सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के जमानत—मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए वर्ष दो हजार पन्द्रह में यह योजना शुरु की गई थी। इस योजना के अंतर्गत तीन श्रेणियों के ऋण दिए जा रहे हैं। इसमें पचास हजार रुपये तक का शिशु, पांच लाख रुपये तक का किशोर और दस लाख रुपये तक का तरुण ऋण शामिल है। लगभग सत्तर प्रतिशत मुद्रा ऋण महिला उद्यमियों ने लिए हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता बढ़ी है और लैंगिक समानता में योगदान मिला है। पचास प्रतिशत से अधिक मुद्रा ऋण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और अन्ये पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों को मिले हैं। पिछले कुछ वर्षों में मुद्रा योजना ने भारत के उद्यमशीलता परिदृश्य को नया रूप दिया है और वित्तीय समावेशन के एक मॉडल के रूप में वैश्विक मान्यता प्राप्त की है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य और इससे जुड़े अच्छे व्यवहारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस वर्ष का विषय है स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य। इस विषय का उद्देश्य मातृ और नवजात मृत्यु को रोकना और महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य तथा कल्याण को प्राथमिकता देना है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्वस्थ विश्व के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी और लोगों के कल्याण के विभिन्न पहलुओं में निवेश करेगी। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि अच्छा स्वास्थ्य हर संपन्न समाज की नींव है। उन्होंने सभी से अपने भोजन में कम से कम 10 प्रतिशत तेल कम करने का आग्रह किया और व्यायाम को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

द्वीपसमूह के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के उप—निदेशक, स्वास्थ्य डॉ. अविजित रॉय ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के विषय के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की वनस्पति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने ग्राम गोद लेने कार्यक्रम के तहत सिप्पीघाट स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियाँ शामिल थीं। स्कूल के विद्यार्थियों ने जूनियर और सीनियर दोनों स्तरों के लिए ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिताओं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर छात्रों को फलों के पेड़ के पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

<><><><><><><>

भारत सरकार की मिशन शक्ति योजना के तहत, द्वीपसमूह में प्रशासन द्वारा वन स्टॉप सेंटर चलाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत हिंसा से प्रभावित महिलाओं को निजी और सार्वजनिक स्थानों पर सहायता प्रदान की जाती है। वन स्टॉप सेंटर आपातकालीन और गैर—आपातकालीन सेवाओं में तत्काल सहायता प्रदान

करता है, जिसमें चिकित्सा, कानूनी सहायता, न्यूनतम 5 दिन का अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता, और परामर्श शामिल है। पीड़ित महिलाएं दक्षिण अंडमान के जंगलीघाट में 234221, मध्योत्तर अंडमान के मायाबंदर में 273009 और कार निकोबार के परका गांव में 265141 कॉल कर वन स्टॉप सेंटर से सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले की ज़िला योजना समिति की बैठक ज़िला परिषद के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी। ये बैठक पन्द्रह, सोलह और सत्रह अप्रैल को होगी। बैठक की अध्यक्षता ज़िला परिषद अध्यक्षा एम. रजनी करेंगी। इस बैठक में ज़िला योजना समिति के सदस्य, आयुक्त स्तर के सचिव तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भाग लेंगे। बैठक का उद्देश्य वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस से दो हजार तीस–इक्कतीस तक की सात वर्षीय रणनीति पर चर्चा करना और वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के वार्षिक कार्य योजना प्रस्तावों को प्राथमिकता देना है। इन प्रस्तावों में पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों की भागीदारी भी शामिल हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय में महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित स्टेट हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमन के अंतर्गत स्टेट मिशन कॉर्डिनेटर के पद पर चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस पद के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची विभाग के सूचना पट्ट के अलावा वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है।

उधर, एन एस सी बी आई एच एल के तहत फरवरी में आयोजित पहले सेमिस्टर परीक्षा का परिणाम वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। परीक्षा परिणाम एन एस सी बी आई एच एल के पोर्टल पर भी देखा जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज संघ की ओर से कल डेयरी फार्म स्थित शतरंज एसोसिएशन में अड़तीसवीं राष्ट्रीय अंडर–07 शतरंज चैंपियनशिप और चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में लगभग तीस युवा शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन और अंतिम स्टैंडिंग के आधार पर द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है, जो जून माह में ओडिशा में आयोजित की जाएगी। चयनित खिलाड़ियों से पन्द्रह अप्रैल तक सहमति पत्र जमा करने का अनुरोध किया गया है। सहमति पत्र व्हाट्सएप के माध्यम से 9434293379 पर भेजे जा सकते हैं या शतरंज कार्यालय में वितरित किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

पुदुचेरी के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में चालीसवीं युवा राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह चैम्पियनशिप नौ से सोलह अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। इस चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह से बारह सदस्यीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एम वी चुगलम बारह अप्रैल को शाम चार बजे लिटिल अंडमान, कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा। यह जहाज संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने और चढ़ाने के तुरंत बाद श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। माल की बुकिंग कल सुबह नौ से बारह बजे के बीच होगी। माल की लोडिंग दस अप्रैल से शुरू होगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक लांग आइलैंड में अड़तीस दशमलव सात मिलीमीटर, मायाबंदर में छत्तीस दशमलव छः और श्री विजयपुरम में ग्यारह दशमलव एक मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>